भाजपा को झझकोर कर रख दिया है। ऐन चुनाव से पूर्व आजसू से भी गठबंधन टूटना भाजपा के लिये नुकसान दायक रहा। भाजपा से गठबंधन टूटने से आजसू को भी बहुत नुकसान उठाना पड़ा व उसके विधायको की संख्या पांच से घटकर दो ही रह गयी मगर आजसू को मिले वोट प्रतिशत में खासी बढ़ोत्तरी हुयी है। 2014 के विधानसभा चुनाव में आजसू को 3.68 प्रतिश मत मिले थे वहीं इस बार के चुनाव में बढ़ कर 8.02 प्रतिशत तक पहुंच गये। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि भाजपा का आजसू से पूर्ववत गठबंधन बना रहता तो दोनो ही दलों के विधायकों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हो सकती थी। मगर मुख्यमंत्री अपने सहयोगी आजसू को भी साधने में असफल रहे। वोटों की दृष्टि से देखा जाए तो झारखंड में भाजपा को सबसे अधिक 33.40 प्रतिशत वोट मिले हैं। जबकि कांग्रेस को 13.85 प्रतिशत झारखंड मुक्ति मोर्चा को 18.80 प्रतिशत आजसू को 8.02 प्रतिशत, राजद को 2.75 प्रतिशत, झारखंड विकास मोर्चा को 5.45 प्रतिशत, आप को 0.23 प्रतिशत, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी को 1.16 प्रतिशत, बीएसपी को 1.53 प्रतिशत, जनता दल यूनाइटेड को 0.73 प्रतिशत, एनसीपी को 0.42 प्रतिशत लोक जनशक्ति पार्टी को 0.1 प्रतिशत मत मिले। झारखंड में भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ा और उसे 33.40 प्रतिशत मत मिले। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस व राष्ट्रीय जनता दल ने चुनाव पूर्व गठबंधन कर चुनाव लड़ा उस गठबंधन 35.35 प्रतिशत मत मिले। जो भाजपा से 1.98 प्रतिशत ही ज्यादा होते है। मात्र दो प्रतिशत वोटो के अंतर से भाजपा गठबंधन से 22 सीटें पीछे रह गयी।

झारखंड में 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 35.16 प्रतिशत, कांग्रेस को 13.90 प्रतिशत, झारखंड मुक्ति मोर्चा को 20. 93 प्रतिशत, आजसू को 3.68 प्रतिशत मत मिले थे। इस तरह देखें तो 2014 की तुलना में 2019 में आजसू को छोड़कर बाकी सभी पार्टियों के मतों के प्रतिशत में गिरावट आई है। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का आजसू के साथ गठबंधन था। तब भारतीय जनता पार्टी ने 14 में से 11 सीटों पर व आजसू को एक सीट पर जीत मिली थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में अकेले भाजपा को 50.96 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को 15.63 प्रतिशत, झारखंड मुक्ति मोर्चा को 11.51 प्रतिशत व आजसू को 4.35 प्रतिशत मत मिले थे। झारखंड में भाजपा को पिछले चुनाव में 37 सीटें मिली थी उसे 12 सीटों का नुकसान हुआ है। आजसू को 5 सीटें मिली थी उसे 3 सीटों का नुकसान हुआ है। झारखंड विकास मुक्ति मोर्चे को 5 सीटों का नुकसान हुआ है। वहीं कांग्रेस को 10 व झारखंड मुक्ति मोर्चा को 11 सीटों का लाभ हुआ है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं तुम्हारी हर नादानी स्वीकार कर लूँ

मैं, तुम्हारी हर नादानी स्वीकार कर लूँ, नहीं होगा क्या कहते हो बेईमानी स्वीकार कर लूँ,नहीं होगा माली की बगावत है कि चमन सिर्फउसका है हर एक की आनी जानी स्वीकार कर लूँ,नहीं होगा

– नीरू श्रीवास्तव

दुआओं से भरी झोली नया पैगाम लाएगा

दुआओं से भरी झोली नया पैगाम लाएगा भला सबका करेगा और अच्छा बन दिखाएगा नई उम्मीद दामन में नई किरणे मुस्काएंगी हँसेंगे फूल कलियाँ साल ये सबको रिझाएगा

– ज्योत्सना सक्सेना

खास पाती

साल नया है हाल नया

साल नया है हाल नया, दिखलाओ कुछ कमाल नया। शीत ऋतु का है सहर अमाल नया! कर जाओ धमाल नया!! उतार दो पोंगापंथी का झोला फेंक दो जातीयता का चोला, नव वर्ष के नव उमंग में पहनो पहनाओ खाल नया। देखो जीवन को खुशहाल नया! कूपंथीयों को देदो पामाल नया!! साल नया है हाल नया, दिखलाओ कुछ कमाल नया। शिक्षा की तुम दीक्षा लो संस्कृति की भीक्षा लो, स्वावलंबन को पहचानो खुद की ही तुम परीक्षा लो। देदो एक हर्ष नया, उत्कर्ष नया! रीत नई प्रीत नई मधुर मीठी संगीत नई, अलाल को भी कर दो मालामाल नया। लहराओ रुमाल नया। साल नया है हाल नया, दिखलाओ कुछ कमाल नया। - **बिट्टू पुरोहित**

अगर चाहते हो रहे देश सदा खुशहाल

अगर चाहते हो रहे,देश सदा खुशहाल तो दंगो को छोड़ तो,ये कुछ की है चाल अगर बाहर घुसपैठिये,करना हो मंजूर तो बिल को स्वीकारिये,करो क्लेश को दूर एक समस्या थी बड़ी,ये अवैध घुसपैठ समाधान अब हो गया,सुनो शान्ति से बैठ बहुत बड़ी थी प्रोबलम,अब होगी पहचान कोई अवैध नागरिक , ना होगा महमान जिसे जलाया आपका,अपना ही है माल कुछ कपटी फैला रहे,अफ्वाहो का जाल। - **शालिनी शर्मा**

भूखे नंगे देखते , आया क्या नव साल

भूखे नंगे देखते , आया क्या नव साल ।जैसे पहले हम रहे , बदला अपना हाल ।। बदला अपना हाल , वसन जो फ्टा पुराना । रहते हम खुशहाल ,कहे क्या हमें जमाना ।। कहते संत फ्कीर , बुरे जन करते दंगे । फेड़ो बम तुम आज ,रहे हम भूखे नंगे ।

- **नवीन कुमार तिवारी**

मुश्किलों को हौसले से आजमाना चाहिये

मुश्किलों को हौसले से आजमाना चाहिये, बेहिचक होकर कदम आगे बढ़ाना चाहिये .. हमने अपने पांव में जो बेड़ियां बांधी स्वयं, टूटने में उनको थोड़ा वक्त जाना चाहिये .. देख बेकाबू हवाएं मुझसे चिड़िया ने कहा, घोसला बिखरे अगर तो फिर बनाना चाहिये .. जो न हो खुद को गवारा काम ऐसा क्यों करें, दिल लगे ना क्यों हमे उस जगह जाना चाहिये।

- **निश्चय वाजपेई**

भुजंग लता पर चिपटा ला तो दो कोई चिमट

भुजंग लता पर चिपटा ला तो दो कोई चिमट काट खायेगा जहरीला है देख इसका रंग नीला है आओ ! कोई सपेरे को बुलाओ अमरबेल है ,इसको समझाओ आकार इसका दूर से ही डरायेगा लता का ये ना कुछ कर पायेगा भुजंग से निपटे ,जिसको लता चाहिए क्या होता है,देखते हैं आप सब आईये।

- **प्रवीण माटी**

गुमराह भी हुँ मैं गुमनाम भी हुँ

गुमराह भी हुँ मैं गुमनाम भी हुँ अपने ख्वाबों का गुलाम भी हुँ यूँ तो है मुझमें ऐब बहुत हर दिल का मैं अरमान भी हुँ अगले जन्म लगाऊंगा कीमत अपनी इस जन्म तो खुदसे नाकाम भी हुँ!!

- **सोनिया राय**

कैलेंडर साल मे एक बार निकलने वाला मैगज़ीन

कैलेंडर साल मे एक बार निकलने वाला मैगज़ीन पल - शब्द घंटे - पंतियाँ दिन - पन्ने हफ्ते - कहानियां महीने- उपन्यास साल दर साल अंत रद्दी की टोकरी कुछ पन्ने अभी बाँकी हैं 2019 मैगज़ीन के।

- **शीखा लाहीरी**

लघु कथा

प्रकृति राष्ट्रवाद से अनभिज्ञ

वह देश के साथ बिलकुल नहीं था, एक बार के विद्रोह ने ही पोल खोल दी वह तिलमिला गया, उसने अब जो भी प्रस्तुतियां दी थी, ये सब उनके खिलाफथी, खुद को हारा हुआ उसे स्वीकार न था, क्यों की वह एक सीमित विचारधारा पर काम कर रहा था, वो देश नहीं थी, उसने वो काम किये जैसा की कोई उम्मीद नहीं करता. वह खुद ही भयभीत घबराहट को छुपाते गया, और जोर से शोर मसगुल होता गया. जैसे जैसे उसे खयाल आया तब तक सबकुछ जैसे कोई जलजला जल,वायु, धरातल, अग्नि, आकाश जैसे अपने हाथों में लेकर कोई अंजाम दे रहे हो. अब उनके सामने जैसे कोई .??? प्रकृति राष्ट्रवाद से अनभिज्ञ रहती है शायद ! अस्तित्व नास्तिक है. महाभूत अपने धर्म पर कायम. वे जीव-जन्तु ही है जो. प्रकृति वा अस्तित्व से सामंजस्य स्थापित कर लेते है. क्षेत्र कोई भी हो. मनुष्य सभ्यता/संस्कृति एक जीवनशैली से ज्यादा नहीं हो सकती।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1668 - मराठा शासक शिवाजी के पुत्र संभाजी की मुगल शासक औरंगजेब द्वारा कैद कर यातना देने के कारण मौत हुई। 1836 - स्पेन ने मेक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता दी। 1885 - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन बंबई (अब मुंबई) में हुआ। 1896 - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में पहली बार वंदे मातरम गाया गया। 1908 - इटली के मेसिना में भूकंप से करीब 80 लोग मारे गये । 1932 - प्रसिद्ध उद्योगपति धीरूभाई अंबानी का जन्म। 1937 - प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का जन्म। 1957 - तत्कालीन रूस ने परमाणु परीक्षण किया। 1972 - प्रख्यात लेखक एवं दार्शनिक चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का निधन।

न्यूज गैलरी

धरने पर बैठे श्रमिक, काम ठप्प

भिलाई नगर। सेक्टर 9 के तमाम श्रमिकों ने काम ठप्प कर न्यूनतम मजदूरी गेट पास वेतन पर्ची बोनस सहित अंतिम भुगतान की मांगों को लेकर आंदोलन किया था। जिसके पस्चात महाप्रबन्धक मोहम्मद शाहिद अहमद ने श्रमिको के समक्ष यह स्पष्ट कहा था 20 दिसम्बर तक समस्याओं का निराकरण कर गेट पास वेतन भुगतान बोनस भुगतान व अंतिम भुगतान कर दिया जाएगा। किन्तु अब तक पूरा नहीं किया व अन्य मांगों पर निराकरण नही हुआ।

सीएए व एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन

दुर्ग। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ देश के कई हिस्सों में चल रहे प्रदर्शन से दुर्ग भी अछुता नही रहा। पुराना बस स्टैंड में मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध-प्रदर्शन कर सीएए और एनआरसी कानून को गलत बताया। सभा में मुस्लिम समाज के प्रमुखों का कहना था कि संविधान देश का कानून है। जिसका हम सम्मान करते है। जब भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था, तब जो लोग भारत में रुक गए थे। एनआरसी ऐसे लोगों को भारत से बाहर भेजने का कानून है। सीएए कानून में देश से बाहर बसे लोगों को वापस लाने की बात कही है।

निर्माणाधीन फ्लाई ओव्हर, सुगम यातायात हेतु बनाए डायवर्सन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश पर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग.53 में निर्माणाधीन फ्लाई ओव्हर स्थानो पर डावर्सन प्लान बनाया गये है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात के द्वारा 25 दिसंबर को नेशनल हाईवे में हो रहे निर्माणाधीन फ्लाई ओव्हर स्थानों पर वाहनों को डायर्वट करने हेतु अवलोकन किया गया था और उचित डावर्सन प्लान करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर यातायात पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे में जाम की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए निम्न डावर्सन प्लान तैयार किया गया है। रायपुर से दुर्ग मार्ग, रायपुर से आने वाले हल्के वाहनो को खुर्सीपार चौक से रेल्वे फाटक मार्ग से सेक्टर एरिया की डायर्वट किया जावेगा। पावर हाउस चौक से हल्के वाहनों को ओव्हर ब्रिज के मार्ग से सेक्टर एरिया की ओर डायर्वट किया जावेगा। चंन्द्रा मौर्या चौक से हल्के वाहनों को अण्डर ब्रिज मार्ग से सेक्टर एरिया की ओर डायर्वट किया जावेगा। चंन्द्रामौर्या से सुपेला चौक की ओर आने वाले वाहनों आदर्श पेट्रोल पम्प के पास से आकाश गंगा मार्केट होकर से सेक्टर एरिया एवं दक्षिण गंगोत्री.प्रियदर्शनीय परिसर मार्ग की ओर डायर्वसन किया जावेगा। जेपी चौक सेक्टर एरिया से सुपेला चौक की ओर. जेपीचौक से चार पहिया वाहनों को प्रिदर्शनीय परिसर अण्डर ब्रिज होकर नेशनल हाईवे की ओर डायवर्सन किया जावेगा। जेपी चौक से सुपेला चौक की ओर आने वाले समस्त मोटर सायकल, बाईक, स्कूटर को दक्षिण गंगोत्री होकर नेशनल हाईवे पर प्रियदर्शनीय परिसर कटिंग की ओर डायवर्ट किया जावेगा। जेपी चौक से सुपेला चौक की ओर आने वाले मार्ग को चौक में बंद कर समस्त वाहन को बायें मोड़कर प्रियदर्शनीय परिसर के सामने कटिंग की ओर डायवर्सन किया जावेगा। यातायात पुलिस द्वारा लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग को नेशनल हाईवे में किये जाने वाले डायवर्सन की सूचना के लिए सभी जगह स्पष्ट संकेत एवं सूचनात्मक बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया गया है।

यातायात पुलिस दुर्ग नेशनल हाईवे में चलने वाले समस्त वाहन चालकों से अपील करती है कि वे असुविधा से बचने के लिए उचित मार्ग डायवर्सन का उपयोग करें एवं विपरीत दिशा से वाहन न चलाऐं अन्यथा ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की जावेगी एवं सेक्टर एरिया से सुपेला चौक की ओर आने वाले समस्त वाहनों चालक नेशनल हाईवे में आने के लिए प्रियदर्शनीय परिसर अण्डर ब्रिज के मार्ग का उपयोग करें तथा सड़क पर एवं नो पार्किग क्षेत्र में वाहन न खड़ा करें।

राष्ट्रीय राजमार्ग -53 में ओव्हर ब्रिज निर्माण अवधि के लिए रायपुर से दुर्ग जाने वाले चार पहिया वाहनों का डायवर्सन प्लान

निगम में अरुण की पसंद का होगा महापौर

लगभग सभी वार्डो में निरंतर सघन जनसंपर्क करते रहे है विधायक

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के चुनाव के बाद अब महापौर के चयन की प्रक्रिया को लेकर जारी कवायद में कई लोगों के नाम दावेदारों के रुप में सामने आए है लेकिन शहर का अगला महापौर विधायक अरुण वोरा की पसंद का होगा। इस पूरे निगम चुनाव में विधायक वोरा ही एक ऐसे जनप्रतिनिधि रहे है जिन्होने लगभग सभी वार्ड के कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए जनसंपर्क किया है। इसका परिणाम कांग्रेस को मिली शानदार जीत के रुप में सामने आया है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस को सफलता दिलाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी विधायक वोरा की थी। यदि कांग्रेस को सफलता नही मिलती तो सारा दोष उन्ही पर आता। विधायक वोरा ने इसे चुनौती के रुप में लिया और नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही सक्रिय हो गए। जब चुनाव पूरे शबाब पर था तब श्री वोरा जब भी किसी प्रत्याशी को जरुरत पड़ती थी उसके वार्ड में दो से तीन बार पहुंचे। कई वार्डो में देर रात तक डटे रहे। श्री वोरा ने विधानसभा के चुनाव में अपने लिए इतना जनसंपर्क नही किया जितनी मेहनत उन्होने निगम चुनाव में की। अब श्री वोरा को

नगर निगम में अपने हिसाब से कांग्रेस की एक ऐसी परिषद को तैयार करने की दरकार है जो दुर्ग शहर को एक मजबूत कांग्रेस के गढ़ में तब्दील कर सके। विधायक व महापौर के समन्वय से ही राज्य सरकार के नेतृत्व में कांग्रेस विकास की नई गाथा लिखेगी।

नगर निगम के चुनाव में जीतकर आए 30 पार्षदो में एक का चयन महापौर के रुप में होना है। विधायक वोरा को इनमें से एक ऐसे योग्य व क्षमतावान पार्षद का चयन महापौर के रुप में करना है जो शहर के विकास को एक नई दिशा देने के साथ कांग्रेस को और अधिक मजबूत बनाने का काम कर सके। स्वाभाव से सरल सहज और मिलनसार हो, हर किसी की तकलीफ व समस्याओं पर गौर कर सके उसका त्वरित निराकरण कर जनता को उसका लाभ दिलाए। इसके साथ- साथ दीगर पार्षदो के साथ तालमेल बनाकर उन्हे साथ में लेकर चलने की क्षमता रखे। यहां गौरतलब है कि शहर सरकार में पिछले 20 वर्ष से भाजपा का कब्जा रहा है। इस समयावधि के दौरान नगर निगम के प्रशासन के काम काज में भी भारी बदलाव आया है। लंबे समय से एक ही पार्टी के शासन के कारण अधिकारीगण कामकाज के प्रति बेहद सुस्त व लापरवाह हो गए है। 20 साल के अंतराल में राज्य शासन से नगर निगम को विकास के लिए जितनी राशि मिली है इससे शहर की जनता का तो नही अधिकारियों का विकास हुआ है। निगम के कई कर्मचारी करोड़पति बन गए है। कथित रुप से भ्रष्टाचार हावी है इन सब परिस्थितियों से जूझने वाले योग्य महापौर को शहर की जरुरत है। श्री वोरा इसके लिए किसका चयन करते है इसकी उत्सुकता शहरवासियों में बनी हुई है।

विधायक ने निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। महापौर व विधायक देवेंद्र यादव ने आज बापूनगर में बन रहे पानी टंकी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों ने टंकी के निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता रिपोर्ट ली और निगम के जल कार्य विभाग के इंजीनियरों को सख्त निर्देश देते हुए 1 सप्ताह में पानी टंकी को शुरू करने का निर्देश दिया। श्री यादव ने कहा कि नगर वासियों को पानी की समस्या न हो और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल पानी टंकी को शुरू करके पानी की समस्या को दूर करें। वार्ड में लगातार लोगों के घरों में नल कनेक्शन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घर में मीटर वाला नल लगाया जा रहा है। आने वाले दिनों में लोगों के घर में 24 घंटे साल भर भरपूर पानी मिलेगा। महापौर यादव के प्रयासों से अवैध नल कनेक्शन लीगल है और इसके लिए लोगों को सुविधा मिलेगी। महापौर के प्रयासों से पहले जिस नल कनेक्शन के लिए लोगों को साढे 6000 से साढे 5000 देना पड़ता था। वही अब मात्र 100 और 200 रुपये की किस्त में लगाया जा रहा है।

प्रकाश उत्सव पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। 29 दिसंबर को भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। खालसा पंथ के दशम् गुरू श्री गुरू गोविंद सिंह के 353वें प्रकाश उत्सव जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित नगर कीर्तन 29 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से नगर से प्रारंभ होकर सुभाष चौकए कैम्प 1 से 18 नंबर रोडए गौरवपथए छावनी चौकए नंदनी रोडए पावर हाउस ब्रिज के ऊपर से सेक्टर 1 के नेल्सन मण्डेला चौक मुर्गा चौक से सेन्ट्रल एवेन्यु होते हुए सेक्टर 6ए गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा में सम्पन्न होगा। छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत

भिलाई.दुर्ग एवं गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटीए केम्प 1 के संयुक्त आयोजन की जानकारी सिक्ख पंचायत के चेयरमेन जसबीर सिंह चहलए महासचिव गुरूनाम सिंह कुका एवं केम्प 1 गुरूद्वारा प्रधान बलदेव सिंह द्वारा पत्रकारों को दी गई। उन्होंने बताया किए नगर कीर्तन का आयोजन गुरूद्वारा श्री गुरू तेग बहादुर साहिब कैम्प 1 की अगुवाई में नगर की सभी गुरूद्वारा कमेटियों के सहयोग से किया जा रहा है। नगर कीर्तन जिन.जिन मार्गों से होकर गुजरेगा उन मार्गों पर स्वागत द्वारा बनाये जा रहे हैं। इस अवसर पर नगर कीर्तन विशेषताओं से परिपूर्ण रहेगा जिसमें गुरूओं की वाणी एवं कीर्तन जत्थों द्वारा मधुर कीर्तन एवं शब्दों का गायन किया जायेगा एवं आकर्षण का केन्द्र सुशोभित पंच प्यारे साहिबान पंच किरपानधारी एवं पाँच निशान साहिबधारी सिंघ रहेंगे एवं मुख्यता पालकी साहिब जिसमें गुरूग्रंथ साहिब जी के दर्शनों का अत्यंत खुबसूरत झलक होगी एवं झाँकियाँ होगी एवं सुपेला भिलाई का बाबा अजीत सिंह गतका एकेडमी का गतका प्रदर्शन के साथ.साथ रजीत नगाड़ाए बैंड पार्टी भी हर साल की तरह रखा गया है। इसके अलावा संगत द्वारा जगह.जगह लंगर के स्टाल लगाये जाएगे।

इस सण्डे नहीं मचेगी तफरीह की धूम

भिलाई। फैमली विथ हेल्थ कार्निवाल तफरीह के सम्बंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में तफरीह समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्य शामिल हुए। ऑर्गनाइजेशन के प्रेसीडेंट आशीष यादव ने बताया कि रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को देखते हुए इस रविवार यानी 29 दिसंबर और 5 जनवरी को तफरीह का आयोजन नही किया जाएगा। अगला तफरीह कब होगा समिति बैठक करके चर्चा कर सूचना देगी। उम्मीद जताई जा रही है कि तफरीह हर रविवार की तरह अपने निर्धारित समय तक जल्द आयोजित होगी।

वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। विचक्षण जैन विद्यापीठ परिसर कुम्हारी में आयोजित सृजन 2019 का आयोजन किया गया जिसमे चेन्नई के समाजसेवी दीपचंद लूनिया के मुख्य अतिथि एवं जगदलपुर के विधायक रेखचंद जैन विशेष आतिथि के रूप में उपस्थित थे। लगभग चार घंटे तक चले इस कार्यक्रम मे बच्चों द्वारा गीत, नृत्य व संगीत की प्रस्तुतिदी गई जिसने अतिथियों सहित उपस्थितजनों का भी मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री लूनिया ने विचक्षण जैन विद्यापीठ की व्यवस्था व प्रबंधन की प्रशंसा

करते हुए चेन्नई सहित देश के अलग-अलग प्रदेशों में भी विचक्षण जैन विद्यापीठ जैसे संस्थानों की उपयोगिता को आवश्यक बताया। विशिष्ट अतिथि रेखचंद जैन ने साधु भगवन्तों की दुरदर्शिता से संस्कारवान विचारों वाले विकर्षित जैन समाज में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए योगदान की महत्ता को रेखांकित किया। इसके पूर्व संस्था के विद्यार्थियों द्वारा ''विज्ञान प्रदर्शनी'' का शुभारंभ मुख्य अतिथि दीपचंद लूनिया ने संस्था के महामंत्री सीए प्रकाशचंद मालू सहित उपस्थित ट्रस्टी गणों के साथ किया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उत्तम कुमार वर्मा आ. स्व. खेदूराम वर्मा अन्य 01 निवासी कुरुद द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.नं. 19 स्थित भूमि खसरा नं. 780 रकबा 0.300 हे. भूमि संयुक्त रुप से आवेदकगण एवं उनके स्व. पिता खेदूराम वर्मा के नाम पर दर्ज है। पिता की मृत्यु दिनांक 18.06.2017 एवं माता स्व. श्रीमती सतरुपा वर्मा की मृत्यु दिनांक 28.09.2014 को हो जाने के कारण वसीयत नामा के आधार पर मृतक का नाम विलोपित कर आवेदकगणों का नाम यथावत रखे जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त भूमि से मृतक का नाम विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम यथावत रखे जाने हेतु जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08.01.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमर सिंह ठाकुर आ. ईश्वर सिंह ठाकुर निवासी प्रगतिनगर कृष्णा टाकिज रोड रिसाली भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1684 रकबा 0.030 हे. भूमि को आवेदक की पिता ईश्वर सिंह ठाकुर आ. लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने अपने पुत्र अमर सिंह ठाकुर को पंजीकृत वसीयत की है। इस आधार पर आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र मय वसीयतनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को वसीयत प्राप्तकर्ता के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 09.01.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपांकर दास आ. दिलीप कुमार निवासी जामुल द्वारा ग्राम जामुल प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 66/2 रकबा 0.010 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता मेसर्स स्वप्निल बिल्डर्स एण्ड कालोनोनाईजर्स एण्ड डेवलपर्स प्रो. श्री पी.एन सिंह आ. श्री रामनरेश सिंह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.11.2013 को क्रय किया है कि उक्त आवेदित भूमि की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.01.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा सिंह पति श्री अनिल प्रताप सिंह निवासी जामुल द्वारा ग्राम जामुल प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 66/2 रकबा 0.009 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता मेसर्स स्वप्निल बिल्डर्स एण्ड कालोनोनाईजर्स एण्ड डेवलपर्स प्रो.श्री पी.एन सिंह आ. श्री रामनरेश सिंह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24.10.2013 को क्रय किया है कि उक्त आवेदित भूमि की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.01.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका माया सूराल पति श्री प्रदीप कुमार सूराल निवासी जामुल द्वारा ग्राम जामुल प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 66/2 रकबा 0.009 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता मेसर्स स्वप्निल बिल्डर्स एण्ड कालोनोनाईजर्स एण्ड डेवलपर्स प्रो.श्री पी.एन सिंह आ. श्री रामनरेश सिंह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24.10.2013 को क्रय किया है कि उक्त आवेदित भूमि की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.01.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SHEETAL GARGA D/O RAJIV RATAN GARGA निवासी BLOCK-13, PLOT-8, NEHRU NAGAR EAST BHILAI DURG (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SHEETAL JAIN D/O RAJIV RATAN GARGA रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SHEETAL JAIN D/O RAJIV RATAN GARGA से ही जाना पहचाना जावे।

SHEETAL JAIN
BLOCK-13, PLOT-8, NEHRU NAGAR EAST BHILAI DURG (C.G.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बरनाली सरकार पति श्री बिवाश सरकार निवासी कुरुद भिलाई द्वारा ग्राम जामुल प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 66/2 रकबा 1010 वर्ग. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता मेसर्स स्वप्निल बिल्डर्स एण्ड कालोनोनाईजर्स एण्ड डेवलपर्स प्रो.श्री पी.एन सिंह आ. श्री रामनरेश सिंह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.11.2013 को क्रय किया है कि उक्त आवेदित भूमि की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.01.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनजंय कुमार पिता मूलचंद साहू निवासी भिलाई 03 ने ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 394, 30 रकबा 0.018 हे. अर्थात 1980 वर्ग. को विरासत हक के आधार पर भूमि स्वामी मूलचंद पिता गंगादीन साहू का नाम विलोपित कर अपना नाम एवं वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

जिसकी सुनवाई न्यायालय में दिनांक 27.01.2020 नियत है। अतः जो कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उपरोक्त वर्णित संपत्ति में हित रखते है नियत तिथि को 11.00 बजे या उसके पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से अपनी आपत्ति/ दावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत दावा/ आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2019 को जारी किया गया ।

मुहर — **नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./335/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नेहा नायक पति स्व. अजय नायक निवासी ग्राम न्यू पुलिस लाईन दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 283/28 रकबा 0.020 हें भूमि को हकत्यागकर्ता श्रीमती लता नायक पति श्याम सुंदर नायक निवासी ग्राम न्यू पुलिस लाईन दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 23.10.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भारतचन्द कीर्तनिया पिता प्रमोथनाथ कीर्तनिया निवासी रेल्वे कालोनी दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 61/9 रकबा 0.018 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार समरेन्द्र सरकार पिता दुलालचन्द्र सरकार से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10.01.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मनमीत सिंह चावला पति जोगेन्दर सिंह चावला निवासी आकाश नगर दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 57/123 रकबा 0.028 हे. के नाम दर्ज है, भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 20.11.2019 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09.01.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./322/अ-2/2018-19

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ग्रीष्मा टेंभुरकर पति श्री पी. एन. टेंभुरकर निवासी स्मृति नगर जुनवानी रोड भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 20 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 55/93 रकबा 0.011 हें/ 855 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./310/अ-2/2018-19

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती लविना चौहान पति श्री संजय कुमार चौहान निवासी करंजा भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 20 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 3/411 रकबा 0.034 हें/ 3750 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./328/अ-2/2018-19

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सिमरन बग्गा पति श्री देवेन्द्र सिंह बग्गा निवासी कादम्बरी नगर वार्ड 18 दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 290/118 रकबा 0.014 हें/ 1488 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./329/अ-2/2018-19

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती राम्हीन बाई साहू पति श्री सेवक राम साहू निवासी पाउवारा द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 211/9 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार दिल्लीवार पिता मोहनलाल दिल्लीवार मौजा बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 340/48 रकबा 1590 वर्ग. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार मोनिका श्रीवास्तव पति आशीष कुमार से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10.01.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

■ न्यूज गैलरी

चुनाव हारने के बाद युवकों में मारपीट

महासमुंद। चुनाव हारने से नाराज तीन लोगों ने एक युवक से मारपीट कर दी। सरायपाली के वार्ड 6 इस्लाम मोहल्ला में बुधवार रात 11 बजे युवक की पिटाई हो गई। मो गुलाम दस्तगिर द्वारा थाने में दर्ज कराई शिकायत के अनुसार रात में वह घर लौट रहा था तभी जयस्तंभ चौक के पास मेन रोड पर मोहल्ले के नौशाद अली, जावेद रजा और जफर उर्फ रिज्जू बाइक से पहुंचे और कहने लगे कि तुम्हारे कारण समाज के लोगों का वोट प्रत्याशी रमिज रजा को नहीं मिला। बाद तीनों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों ने उन्हे छुड़ाया। पुलिस ने उक्त तीनों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

तीन प्रकरण में 71 क्विंटल धान बरामद

महासमुंद। धान के अवैध परिवहन और भण्डारण के 360 प्रकरण में 20 हजार 124 क्विंटल धान जब्त किया जा चुका है। गुरूवार को तीन प्रकरण में 71.20 क्विंटल धान जब्त की गई। इनमें साल्हेझरिया निवासी शिवकिशोर से 46.40 क्विंटल, बसना निवासी संतलाल पटेल से 14 क्विंटल, राकेश साहू सरायपाली से 10.80 क्विंटल धान जब्त किया गया।

अनियंत्रित कार दीवार से टकराई

महासमुंद। बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग के पास अनियंत्रित कार दीवार से टकरा गई। दरअसल, रेल प्रशासन ने यहां हादसा रोकने के लिए सीमेंट की दीवार खड़ी की है फिर भी हादसे थम नहीं रहे। यहां संकेतक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। लाइट भी नहीं है। इसलिए रात में दुर्घटना होती है। मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 8019 के चालक रायपुर से महासमुंद आ रहा था। वह अकेला था। कार सीधे से गिट्टी के ढेर से टकराई और दीवार से घिसते हुए आगे जाकर रूक गई। इस हादसे में कार चालक को चोट नहीं आई है।

स्वास्थ्य जांच शिविर कल

महासमुंद। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत, गुडरूपारा वार्ड 16, शीतला मंदिर प्रागंण स्थित भवन में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर (स्पेशल आउटरीच कैम्प) का आयोजन शनिवार 28 दिसम्बर को सुबह 10 से शाम 4 बजे आयोजित है। इसमें नेत्र चिकित्सक सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने नागरिकों से अधिकतम संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ उठाने अपील की है।

सुभाष नगर में आज से श्रीमद् भागवत

महासमुंद। सुभाष नगर में सांई कोचिंग के सामने शुक्रवार 27 दिसंबर से चार जनवरी तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन चंद्राकर परिवार की ओर से किया जा रहा है। भुनेश्वर चंद्राकर और रामेश्वरी चंद्राकर की स्मृति में ईश्वर-निधि चंद्राकर के संयोजन में आयोजित ज्ञान यज्ञ आयोजन में पंडित बलदाऊ महाराज मोखला वाले कथा वाचन करेंगे।

महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। नयापारा में युवक ने नशे में महिला के साथ तवा से मारपीट कर दी। वार्ड 4 निवासी अमरीका पिता ईश्वर सेन के मुताबिक बुधवार शाम 7 बजे मोहल्ले के मोहन राजपूत ने नशे में गाली गलौज करते हुए तवा से मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मोहन के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू ने पूरी की अपनी घोषणा

■ **रिसाली अब नगर निगम, शासन ने जारी किया आदेश**

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। छतीसगगढ़ शासन ने नगर पालिक निगम अधिनियम 1956की धारा 405 के तहत नगर निगम भिलाई से 13 वार्डो को पृथक कर नगर पालिक निगम रिसाली का गठन किया गया है जो अब राज्य का 14 वां निगम बन गया है जिसका चुनाव भी नगर निगम भिलाई के साथ दिसम्बर 2020 में होंना तय हो गया है। गौरतलब है कि चुनाव पूर्व घोषणा अनुसार गृहमंत्री व स्थानीय विद्यायक ताम्रध्वज साहू ने स्पष्ट कर दिया था कि हर हालत में रिसाली निगम बनाया जाएगा, जो आज सफल हुआ है। जिसे लेकर क्षेत्र की जनता ने खुशी जाहिर किया है। रिसाली निगम की मांग करने वालों के लिए बड़ी खबर है। रिसाली जोन के 13 वार्डो को मिलाकर सरकार ने एक नया निगम बना दिया है। इसका राजपत्र में फाइनल प्रकाशन 26 दिसंबर को किया गया है। अब सबकुछ साफ हो गया है। अब सिर्फ अलग से सेटअप करना बाकी रह गया है। इससे पहले नवंबर माह में रिसाली को निगम बनाने राजपत्र में प्रकाशन हुआ था। तब 15 दिन के अंदर में दावा-आपत्ति मांगे गए थे। इसका निराकरण करने के बाद फाइनल प्रकाशन कर दिया है।

रिसाली निगम की मांग करने वाले सीनियर पार्षद केशव बंछोर ने बताया कि गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने 2018 के विधानसभा चुनाव में इसका ऐलान किया था। ऐलान के ठीक एक साल में उन्होंने अपना वादा पूरा कर लिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि 2020 दिसंबर में भिलाई के साथ रिसाली निगम का चुनाव हो जाएगा।

ये वार्ड होंगे शामिल

जोरातराई, डुंडेरा, नेवाई भाठा, स्टेशन मरौदा, मोहरी मरौदा, मरौदा सेक्टर, रिसाली सेक्टर, रिसाली दक्षिण, रिसाली बस्ती, प्रगति नगर रिसाली, रुआबंधा, रुआबंधा बस्ती और पुरैना मेरे कहे अनुसार क्षेत्र के जनता के अनुरूप शासन से मांग की गई थी जिसे आज गठन की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया।

इनका कहना है

मेरे कहे अनुसार क्षेत्र के जनता के अनुरूप शासन से मांग की गई थी जिसे आज गठन की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। क्षेत्र की जनता को बधाई।
-ताम्रध्वज साहू, कैबिनेट मंत्री, व विद्यायक दुर्ग ग्रामीण

हमारे लिए खुसी की बात है कि अब इस क्षेत्र में विकास की गति तीव्र होगी।
-केशव बंछोर, पार्षद रिसाली

रिसाली निगम के निर्माण के गठन की जनता को बधाई, विकास बढ़ाने के साथ रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।
-तरुण बंजारे, एल्डरमेन नगर निगम रिसाली

रिसाली को निगम का दर्जा दिया जाना ,क्षेत्र के लिए काफी खुसी की बात है कि अब काम के लिए भिलाई जाने की जरूरत नही है
-अनुपमा गोस्वामी, नागरिक रिसाली

कचरा परिवहन के लिये बैंक आफ बड़ौदा ने दिया निगम को दो ट्राली

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने नगर निगम द्वारा व्यापक प्रबंध किये जा रहे है। जिसके तहत प्रातः से दोपहर तक सफाई मित्रों व स्वच्छता दीदीयों द्वारा साफ सफाई किया जा रहा है। साथ ही शहर के प्रमुख मांर्गो एवं बाजार में रात्रिकालीन सफाई भी की जा रही है। स्वच्छता में सभी संस्थाओं एवं नागरिकों का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। इसी कडी में आज बैक आफ बड़ौदा द्वारा कचरा परिवहन के लिये नगर निगम को दो ट्राली (गारबेज रिक्शा) प्रदान किया गया। निगम

आयुक्त चंद्राकांत कौशिक ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने एवं अगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 में उच्च स्थान प्राप्त करने नगर निगम द्वारा साफ सफाई में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिये हमारे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ साथ निगम के अधिकारी व कर्मचारी द्वारा भी मेहनत किया जा रहा है। इसके अलावा पालीथीन मुक्त करने भी अभियान चलाकर नागरिकों एवं दुकानदारों को समझाईस दी जा रही है। साथ ही आवश्यकता पडने पर जुर्माना भी वसूला जा रहा है। आयुक्त श्री कौशिक ने बताया कि स्वच्छता अभियान में सामाजिक संस्थाओं के साथ साथ नागरिक भी स्वस्फुर्थ होकर जुड़ रहे है।

अलग-अलग हादसे में दो मृत

महासमुंद। अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क और ट्रेन दुर्घटना में एक युवक और एक महिला की मौत हो गई वहीं दो घायल हो गए। पुलिस के अनुसार पहली घटना ग्राम हाड़ाबंद ओवरब्रिज के पास बुधवार को घोंच निवासी रोशन पिता रमेश विश्वकर्मा (23) अपनी बाइक से खल्लारी से महासमुंद की ओर जा रहा था तभी रात नौ बजे हाड़ाबंद ओवरब्रिज के पास डिवाइडर से टकराने से मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में पटेवा थाना क्षेत्र के दर्रीपाली मोड़ के पास भूषण साहू अपनी मोटर साइकिल में अपनी पुत्री मोक्ष साहू को बिठाकर दर्रीपाली से झलप पटेवा की ओर जा रहा था। कार की ठोकर से दोनों को चोट आई है। चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

ट्रेन की चपेट में महिला की मौत

पुलिस के अनुसार बागबाहरा थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक में गुरुवार सुबह सात बजे खोपली निवासी उसरा बाई पति बैसाखू (40) मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसे कम सुनाई देता था।

अटल जी का व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभा का परिचायक : मधुसूदन यादव

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। भारतीय राजनीति के आदर्श, छत्तीसगढ़ के निर्माता, कुशल व्यक्तित्व के धनी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर भाजपा कार्यालय में एक बड़ा आयोजन उत्तर, दक्षिण एवं ग्रामीण मंडल के संयुक्त तत्वाधान में नवनिर्वाचित पार्षदों की उपस्थिति में मनाया गया। जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में अटल जी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता...की कविता का वाचन किया और कार्यकर्ताओं की हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि हम चुनाव हार सकते हैं, परंतु मैदान नहीं, हम मैदान में सदैव बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर अब तक के भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं और सभी सपनों को साकार होते देख आज अटल जी भी जरूर प्रसन्न होंगे, उन्होंने कहा कि अटल जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने कविताओं के माध्यम से अपनी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया और पत्रकारिता के माध्यम से भी राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत अनेक पत्रिकाओं का संपादन भी किया। मधुसूदन यादव ने वर्तमान हालातों को भूलकर कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि आओ फिर से मिलकर कमल खिलाएं।

वरिष्ठ भाजपा नेता लीलाराम भोजवानी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक महान दूर दृष्टा थे। राजनीति में रहकर भी सिद्धांतों के उच्च मापदंड एवं स्पष्टवादीता के लिए अटल जी जाने जाते थे।

युवक से तीन लीटर शराब बरामद

महासमुंद। गढ़फुलझर में सड़क किनारे शराब बेच रहे युवक से बसना पुलिस ने पौने 3 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात 10 बजे मुखबिर की सूचना पर बरोली निवासी कुंजमन दास (40) के कब्जे से 2.880 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की गई।

धनगांव मंड़ई 2 को

राजनांदगांव। डोंगरगांव के समीपस्थ ग्राम धनगांव के पुराना बाजार चौक में दिनांक 02 जनवरी 2020 को मेला मंड़ई मेला कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। वहीं इस अवसर पर रात्रि में रंगारंग छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी खल्लारी डोंगरगढ़ वालों का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी मुकेश गंधर्व ने दी।

15-16 फरवरी को कानूनी जागरूकता पर आधारित लघु फिल्मों का महोत्सव

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष एवं छग उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में 15 व 16 फरवरी 2020 को कानूनी जागरूकता पर आधारित फिल्मों का राष्ट्रीय लघु फिल्म समारोह व प्रतियोगिता (शूट फॉर लीगल अवेयरनेस-एसएफएलए 2020 सीजन 3) का आयोजन बिलासपुर में किया जा रहा है। इस समारोह के लिए छग राज्य सहित देश भर से शार्ट फिल्म की प्रविष्टियां मंगाई जाएगी। विगत वर्ष में भी इस समारोह के द्वितीय आयोजन में पूरे देश से लगभग 116 से यादा शार्ट फिल्म्स प्राप्त हुई थी। तीसरे शार्ट फिल्म फेस्टिवल के आयोजन की घोषणा रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के सदस्य सचिव सिद्धार्थ अग्रवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के सचिव उमेश उपाध्याय एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करने वाली संस्था जीपी आरस्ट्रेटेजीज एण्ड सॉल्यूशन के रेक्स मेहता के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि हमारे देश में कानून का राज है। ऐसे में हर व्यक्ति को कानून की जानकारी देने का प्रयास प्राधिकरण के द्वारा किया जा रहा है। लघु फिल्में आम लोगों को कानून की प्रति जागरूक करने में सशक्त भूमिका निभाती है। पिछले दो आयोजनों की सफलता और अनुभवों को ध्यान में रखते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण इस वर्ष शार्ट फिल्म फेस्टिवल का तीसरा आयोजन करने जा रहा है।

सुखरी में डांस प्रतियोगिता 31 को

राजनांदगांव। डोंगरगांव के समीपस्थ ग्राम सुखरी में बप्पा ग्रुप एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में डांस प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 31 जनवरी 2019 को आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता सामूहिक एकल तथा युगल डांस प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। वहीं विजयी प्रतिभागियों को प्रथम से लेकर तृतीय स्थान तथा विशेष व सदाबहार पुरस्कारों की घोषणा की गई है। आयोजक समिति ने अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता का आनंद लेने कहा है।

भाजपाईयों ने किया अटल का पुण्य स्मरण

महासमुंद। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के तौर पर मनाया गया। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटल बिहारी के व्यक्तित्व का स्मरण किया गया एवं उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा ली गई। कार्यक्रम को भाजपा नेताओं ने संबोधित किया। इस दौरान अमर सिंह गुरुदत्ता, विमल चोपड़ा, संदीप दीवान, निरंजना शर्मा, माधव राव टांकसाले, प्रकाश शर्मा, मनीष बंसल, उमेश नसीने, लालविजय सिंहदेव, बंटी शर्मा, गोपी कन्नौजे, मकसूद खान, शिव राठौर, सुनीता देवांगन, सुधा साहू, विष्णु चंद्राकर, राजू यादव, नंदू जलक्षत्री, हिमांशु शानू चंद्राकर, सोनाधर सोनवानी, शैलेंद्र हिरवानी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश शर्मा ने किया।

झालखम्हरिया में एनएसएस शिविर संपन्न

महासमुंद। छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में ग्राम झालखम्हरिया में एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिनका थीम छत्तीसगढ़ सरकार की नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी पर आधारित था। शिविर का उद्घाटन झालखम्हरिया के सरपंच कोमल जगत ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विनोद चंद्राकर, चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, सरपंच कमल जगत की उपस्थिति में हुआ। शिविर में नियमित गतिविधि के अंतर्गत बच्चों ने घुरवा बचाओ, पशु संरक्षण, जल संरक्षण, सोख्ता निर्माण एवं स्वच्छता कार्य किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन के अतिथि पूर्व विधायक मकसूदन लाल चंद्राकर, द्वारिका चंद्राकर, चमन चंद्राकर थे।

स्वच्छता में गुणात्मक सुधार लाने आज कार्यशाला

राजनांदगांव। स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 में उच्च स्थान प्राप्त करने के साथ साथ शहर को स्वच्छ व पालिथीन मुक्त रखने नगर निगम द्वारा 28 दिसंबर को अपरान्ह 2 बजे से पद्म श्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला के संबंध में नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि स्वच्छता में सुधार लाने शहर को पालिथीन व प्लास्टिक मुक्त करने के साथ साथ शत प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने और उचित तौर पर कचरा पृथकीकरण करने कम्पोस्टिंग एवं युजरचार्ज वसूली तथा शहर को नुक्कड फ्री व कचरा एकत्रित करने के जगह को कचरा मुक्त कर सौदर्यीकरण करने व शहर के नाली नालों की सफाई व अबाधित ड्रेनेज सिस्टम के संबंध में नगर निगम द्वारा सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदीयों, एसएलआरएम सेंटर प्रभारियों के लिये कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में 28 दिसंबर 2019 को अपरान्ह 2 बजे से पद्म गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

शहर के हजारों व्यक्तियों में जगायी संवेदना

राजनांदगांव। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा जिले में छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्लान ऑफ एक्शन के अंतर्गत मौलिक कर्त्तव्य एवं बाल विवाह प्रतिषेध, बच्चों का अवैध व्यापार, बच्चों की शिक्षा तथा किशोर न्याय विषय पर संवेदीकरण कार्यक्रम- ड्यूटी ऑफ सीटिजन तथा संवेदना- कम्पेशन के तहत अनेक कार्यक्रम किए जा रहे है जिसमें अधिक से अधिक आमजनों को उक्त विषयों का ज्ञान हो सके। उक्त विशेष अभियान हेतु सम्पूर्ण जिले में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव विनय कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में सार्वजनिक स्थानों जैसे- बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टैशन, मेला-मढई, हॉट बाजार आदि स्थानों में विशेष जागरुकता शिविर किये जा रहे है। उक्त शिविरो मे जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीशगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तथा पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार 10 दिसम्बर 2019 से 31 दिसम्बर 2019 तक किया जाएगा। उक्त अभियान के दौरान न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत द्वारा ग्राम किरगी एवं पनेका मे जाकर लोगों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद-51क के तहत उपबंधित मौलिक कर्त्तव्यों की जानकारी दी गयी।

लक्ष्मीकांत बने एलुमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। शासकीय महाविद्यालय लवन में विगत दिनों एलुमिनाई एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। वर्ष 2009 में स्थापित इस महाविद्यालय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षा उत्तीर्ण छात्र छात्राएं बैठक में सम्मिलित हुए द्य प्रभारी प्राचार्य वाय.आर. महिलाने ने कहा कि महज एक दशक में ही यह संस्थान राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पटल पर उभर रहा है द्य विभिन्न संकायों से उत्तीर्ण यहाँ के छात्र छात्राएं सतत विकास करें तथा अपने महाविद्यालय को गौरवान्वित करें। एलुमिनाई एसोसिएशन के प्रभारी सहायक प्राध्यापक अजय मिश्रा ने कहा कि यह समिति पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं एवं महाविद्यालय के मध्य एक संयोजक कड़ी की तरह कार्य करेगी द्य समिति के पंजीयन पर कार्य किया जा रहा है द्य बैठक में सर्वसम्मति से एलुमिनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों के रूप में अध्यक्ष पद पर लक्ष्मीकांत साहू, उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव कु. पुर्वारानी साहू तथा कोषाध्यक्ष पद पर अक्षय वर्मा का मनोनयन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व छात्र छात्राओं ने कहा कि इस महाविद्यालय में आकर माँ की गोद के समान सुकून मिलता है द्य वे यथाशक्ति अपने मातृ संस्थान के विकास में सहभागी बनेंगे द्य चन्द्रकुमार धीवर, तेजेश्वरी साहू, अंजना महिलांगे, प्रांजल पाण्डेय,अजय साहू, प्रद्युम्न साहू, दीपचंद सेन आदि बैठक में उपस्थित रहे।

निरीक्षण नहीं मिली कोई त्रुटि, खरीदी केन्द्र में रिपोर्ट देख खुश हुए विभाग प्रमुख

धान केन्द्र पहुंचे सुब्रत साहू, जानी किसानों की समस्या

नवप्रदेश संवाददाता

